
पंजाब केसरी 18/11/2025

# अंतर्राष्ट्रीय पटल पर चमका जी.एम.एन. कॉलेज, डॉ. रोहित दत्त ने की संगोष्ठी की अध्यक्षता

अम्बाला, 17 नवम्बर (बलराम): छावनी का जी.एम.एन. कॉलज उस समय अंतर्राष्ट्रीय पटल पर चमका, जबकि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने चंडीगढ़ के सैक्टर-11 स्थित गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज के तत्वावधान में सोमवार को 'साहित्य, संस्कृति और समाज' विषय पर आयोजित ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता की। संगोष्ठी में नीदरलैंड से सुप्रसिद्ध प्रवासी साहित्यकार अश्विनी केगांवकर एवं सिंगापुर से प्रतिष्ठित साहित्यकार आराधना झा श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ताओं के रूप में विचार प्रस्तुत किए और साहित्य में सांस्कृतिक आदान-प्रदान, प्रवासी अनुभव तथा आधुनिक समाज में भाषा की भूमिका पर प्रभावी प्रकाश डाला, जिससे प्रतिभागियों को व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने संगोष्ठी की सराहना करते हुए बताया कि संगोष्ठी का उद्देश्य साहित्य एवं संस्कृति के पारस्परिक संबंधों को समझना, प्रवासी साहित्य के वैश्विक स्वरूप पर चर्चा को प्रोत्साहित करना, विद्यार्थियों में सामाजिक-सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत साहित्यकारों से सीखने का अवसर प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों को वैश्विक साहित्यिक प्रवृत्तियों से जोड़ते हैं और उनकी बौद्धिक क्षमताओं को सशक्त बनाते हैं। शिक्षकों ने भी इस पहल को सराहा और माना कि इस प्रकार की संगोष्ठियां छात्रों में समालोचनात्मक सोच तथा शोध की रुचि को बढ़ाती हैं।




*संगोष्ठी की अध्यक्षता करते जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।*

संगोष्ठी की आयोजन टीम में संयोजक डॉ. रितु गुप्ता, सह संयोजक डॉ. कमलेश, को-ऑर्डिनेटर डॉ. अनीश कुमार, सह समन्वयक डॉ. पूनम एवं डॉ. नीतू बंसल, संगठन सचिव डॉ. राजिंदर देसवाल, संयुक्त सचिव डॉ. प्रबलीन कौर शामिल थे। प्रश्नोत्तरी सत्र में सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक एवं संवादपूर्ण बनाया। देश-विदेश से 126 प्रतिभागियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को सफल और प्रभावी बनाया।